प्रश्नपत्र संख्या
25 03 1

हिंदी विकास मंच द्वारा आयोजित

# अंतरराष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड

विद्यालय का नाम – ................................................ राज्य ....................

प्रतियोगी का नाम – ........................................ ह० .................... अनुक्रमांक: ....................

कुल समय : 1 घंटा | **कक्षा-तीसरी** | कुल अंक: 100

**निर्देश:** 1) सभी प्रश्नों को ध्यानपूर्वक पढ़कर सही विकल्प का गोला (●) उत्तर पत्रिका में भरिए।
2) प्रत्येक प्रश्न 2½ अंक का है।
3) किसी प्रश्न में कोई भी गोला नहीं भरने पर न तो अंक दिए जाएँगे न ही काटे जाएँगे।
4) एक से अधिक गोला भरने पर या गलत उत्तर देने पर (–½) नकारात्मक अंक दिए जाएँगे।

**परीक्षा उपरांत प्रश्न पत्र एवं उत्तर पत्रिका कक्ष निरीक्षक को दें।**

**प्रश्न 1. वर्णों के कितने भेद होते हैं?**
(क) एक (ख) दो (ग) तीन

**प्रश्न 2. इनमें से क्या स्वतंत्र रूप से बोले जाते हैं?**
(क) स्वर (ख) आयोगवाह (ग) व्यंजन

**प्रश्न 3. हिंदी के प्रत्येक व्यंजन में क्या मिला होता है?**
(क) आ (ख) ए (ग) अ

**प्रश्न 4. निम्न में से मुँह और नाक दोनों से बोले जाने वाले वर्ण हैं-**
(क) क से ह तक (ख) क्ष, त्र और ज्ञ (ग) ङ, ञ, ण, न, म

**प्रश्न 5. 'उ' तथा 'ऊ' की मात्राएँ 'र्' वर्ण के-**
(क) पेट में लगती है (ख) नीचे लगती है (ग) ऊपर लगती है

**प्रश्न 6. निम्न में से कौन-सा शब्द शुद्ध है?**
(क) मिरिग (ख) मृग (ग) मगृ

**प्रश्न 7. निम्न में से कौन-सा भाववाचक संज्ञा है?**
(क) लड़का (ख) खुशी (ग) पानी

**प्रश्न 8. "सीमा बगीचे में फूल तोड़ रही थी।" इनमें से कौन-से दो संज्ञा शब्द हैं?**
(क) सीमा, तोड़ (ख) फूल, रही (ग) सीमा, फूल

**प्रश्न 9. "बच्चे तेज दौड़ रहे हैं।" वाक्य में कौन-सा काल है-**
(क) वर्तमान काल (ख) भूतकाल (ग) भविष्यकाल

**प्रश्न 10. क्रिया का कार्य क्या होता है?**

(क) नाम बताना (ख) रंग बताना (ग) काम करना

**प्रश्न 11. इनमें से कौन-सा वाक्य सर्वनाम का सही प्रयोग दिखाता है?**

(क) राहुल ने राहुल का खाना खाया।

(ख) राहुल ने उसका खाना खाया।

(ग) वह ने खाना खाया।

**प्रश्न 12. इनमें से कौन-सा प्रश्नवाचक सर्वनाम है?**

(क) वह (ख) हम (ग) कौन

**प्रश्न 13. "मीठे आम मुझे पसंद हैं।" – 'मीठे' किस प्रकार का विशेषण है?**

(क) गुणवाचक (ख) संख्यावाचक (ग) संबंधवाचक

**प्रश्न 14. इनमें से कौन-सा शब्द रंग बताने वाला विशेषण है?**

(क) अच्छा (ख) सुंदर (ग) लाल

**प्रश्न 15. भाषा और लिपि में सही भेद कौन-सा है?**

(क) दोनों एक ही हैं

(ख) भाषा बोली जाती है, लिपि लिखी जाती है

(ग) दोनों का कोई संबंध नहीं

**प्रश्न 16. मिठाई का बहुवचन है –**

(क) मिठाईयाँ (ख) मीठाइयाँ (ग) मिठाइयाँ

**प्रश्न 17. तितली का बहुवचन कौन-सा है?**

(क) तितलिओं (ख) तीतिलियाँ (ग) तितलियाँ

**प्रश्न 18. संज्ञा या सर्वनाम की संख्या बताने वाले शब्द कहलाते हैं-**

(क) लिंग (ख) वचन (ग) कारक

**प्रश्न 19. निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द विशेषण नहीं है?**

(क) लड़का (ख) मोटा (ग) काला

**प्रश्न 20. हाथी को__________भी कहते हैं।**

(क) अश्व (ख) श्वान (ग) गज

**प्रश्न 21. पेड़ का दूसरा नाम है-**

(क) वृक्ष (ख) मृग (ग) तृण

**प्रश्न 22.** **नया का विलोम है-**

(क) नवीन (ख) पुराना (ग) उज्ज्वल

**प्रश्न 23.** **जानवरों में हाथी मोटा और हिरन ________ होता है। (उचित विलोम शब्द चुनकर लिखो)।**

(क) छोटा (ख) लंबा (ग) पतला

**प्रश्न 24.** **जिस जगह खाना पकाया जाता है, उसे कहते हैं-**

(क) स्नानघर (ख) रसोईघर (ग) डाकघर

**प्रश्न 25.** **'जो मिठाई बनाता है' वाक्यांश के लिए एक शब्द होगा-**

(क) सिपाही (ख) डाकिया (ग) हलवाई

**प्रश्न 26.** **'आँखों का तारा' मुहावरे का सही अर्थ है-**

(क) एकमात्र सहारा (ख) बहुत प्यारा (ग) सख्ती से पेश आना

**प्रश्न 27.** **'गाव' शब्द में उचित अनुनासिक वाला शब्द कौन-सा है?**

(क) गाँव (ख) गवाँ (ग) गांव

**प्रश्न 28.** **उस लड़की का नाम __________ है- (उचित अनुस्वार वाला शब्द चुनिए)**

(क) कचंन (ख) कचनं (ग) कंचन

**प्रश्न 29.** **मार्च के बाद ________ आता है-**

(क) फरवरी (ख) अप्रैल (ग) जनवरी

**प्रश्न 30.** **किस महीने में कड़ाके की ठंडक पड़ती है-**

(क) जून (ख) सितंबर (ग) दिसंबर

**प्रश्न 31.** **कल शुक्रवार था और आज ____________ है।**

(क) शनिवार (ख) रविवार (ग) बृहस्पतिवार

**प्रश्न 32.** **दिनों का सही क्रम छाँटिए-**

(क) शनिवार, सोमवार, रविवार

(ख) बुधवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार

(ग) रविवार, मंगलवार, सोमवार

**प्रश्न 33.** **'15' को हिंदी में इस प्रकार लिखेंगे-**

(क) प्रन्द्रह (ख) प्रन्दह (ग) पन्द्रह

**प्रश्न 34.** **सेठ का स्त्रीलिंग क्या है?**

(क) सेठानी (ख) सेथानी (ग) सेठानि

**प्रश्न 35. सही जोड़ा छाँटकर लिखिए-**

(क) दादी-डाडा (ख) नानी-मामा (ग) चाची-चाचा

## (अपठित गद्यांश)

**निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-**

परोपकार का अर्थ है – दूसरों की भलाई करना। जब हम किसी की बिना स्वार्थ सहायता करते हैं, तो वह परोपकार कहलाता है। यह एक महान गुण है। जो व्यक्ति परोपकार करता है, वह सच्चा मानव कहलाता है। पक्षियों को दाना-पानी देना, गरीबों की मदद करना, बूढ़ों की सेवा करना – ये सब परोपकार के कार्य हैं। परोपकारी व्यक्ति अपने सुख से पहले दूसरों की पीड़ा दूर करने की सोचता है। वह दूसरों की सहायता करके आनंद महसूस करता है। महात्मा गांधी, स्वामी विवेकानंद और मदर टेरेसा जैसे महापुरुषों ने सदा परोपकार को ही अपना धर्म माना। उन्होंने गरीबों, बीमारों और जरूरतमंदों की सेवा की। आज भी लोग उन्हें इसलिए याद करते हैं। परोपकार से समाज में प्रेम, सहयोग और भाईचारा बढ़ता है। यदि हर व्यक्ति थोड़ा-थोड़ा परोपकार करे, तो समाज में कोई दुखी नहीं रहेगा। बच्चों को भी बचपन से परोपकार की भावना सिखाई जानी चाहिए। हमें अपने आस-पास के लोगों की सहायता करनी चाहिए। यदि कोई बच्चा रो रहा है, कोई बुजुर्ग सामान नहीं उठा पा रहा है या कोई बीमार है – तो हमें तुरंत उसकी मदद करनी चाहिए। यही सच्चा धर्म है।

**प्रश्न 36. परोपकार किसे कहते हैं?**

(क) केवल अपना लाभ सोचना

(ख) बिना स्वार्थ दूसरों की मदद करना

(ग) दूसरों की आलोचना करना

**प्रश्न 37. परोपकारी व्यक्ति कैसा होता है?**

(क) स्वार्थी (ख) दुखी (ग) सच्चा मानव

**प्रश्न 38. परोपकार करने से व्यक्ति को कैसा अनुभव होता है?**

(क) दुःख का (ख) आनंद का (ग) डर का

**प्रश्न 39. परोपकार करने से समाज में क्या बढ़ता है?**

(क) डर और चिंता

(ख) प्रतियोगिता में जीत की भावना

(ग) प्रेम और सहयोग

**प्रश्न 40. किसने परोपकार को अपना धर्म माना था?**

(क) शेरशाह सूरी (ख) सिकंदर (ग) महात्मा गांधी